font>

Title: Need to take steps to check the recurring floods in Southern Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : सभापति महोदया, बिहार में लगभग 10 लाख हैक्टेयर भूमि जल जमाव की समस्या से ग्रसित है। जल जमाव का टाल क्षेत्र लगभग डेढ़ लाख हैक्टेयर में फैला है जो गंगा नदी के तट में पटना जिले के फतुहा से लेकर शेखपुरा, लखीसराय, सूर्यगढ़ा तथा गनगनियां से कहलगांव तक फैला हुआ है। इस टाल क्षेत्र को विशो केन्द्रीय सहायता की आवश्यकता है जिससे इसकी उपजाऊ भूमि से दुगनी उपज ली जा सके। गंगा नदी के तट के दक्षिण में अवस्थित बिहार के आठ जिले शेखपुरा, नालन्दा, लखीसराय, जमुई, मुंगेर, भागलपुर, बांका एवं नवादा जिले हमेशा सुखाड़ तथा बाढ़ की चपेट में रहते हैं।

मैं सरकार का ध्यान इन क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई सिचाई योजनाओं का कार्यान्वन कराने, इन आठों जिलों में केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित डीपीएपी कार्यक्रम को भी लागू कराने तथा हर साल आने वाली बाढ़ की समस्या से निजात दिलाने की ओर आकृट करना चाहता हूं।